


## हरिभूमि 2024 का कैलेंडर विमोचित, पाठकों को निष्पक्ष समाचार देने वाला अखबार : रंजना

# हरिभूमि ने बीते सालों में कई नए आयाम स्थापित किए : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हरिभूमि अखबार के साल 2024 के कैलेंडर का शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में विमोचन हुआ। इस अवसर पर मौजूद विधायक ओंकार साहू ने कहा कि कैलेंडर का पूरा 12 महीना खास है जो लोगों के दैनिक उपयोग में काम आएगा। उन्होंने अखबार व कैलेंडर की सराहना करते हुए कहा कि हरिभूमि अखबार ने बीते सालों में कई नए आयाम स्थापित किए हैं। लोगों को विश्वसनीयतापूर्वक समाचार परोसा है। प्रतिदिन सुबह नए और ताजे समाचार से अवगत कराता है। अखबार के साथ-साथ हर साल नए वर्ष पर पाठकों को कैलेंडर देकर दिन तिथियों की जानकारी प्रदान कर रहा है। पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा कि हर आदमी को कैलेंडर की आवश्यकता होती है। इस कमी को हरिभूमि अखबार ने पूरा कर दिया। दिन, तिथियों की जानकारी देने के साथ कई महत्वपूर्ण व्रत, जयंती की जानकारी देने का प्रयास किया गया है। उन्होंने अखबार की तारीख करते हुए कहा कि हरिभूमि हर विषय पर पाठकों को निष्पक्ष समाचार परोसने का काम सालों से कर रहा है। आम जनता को हर सुबह हरिभूमि का इंतजार रहता है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा कि अंचल का सर्वाधिक उपयोगी अखबार हरिभूमि ने कैलेंडर जारी कर लोगों को दिन , तिथियों की जानकारी दे रहा है जो सराहनीय है। पेपर के माध्यम से अंचल की खबरों के साथ देश-विदेश की खबरें पढ़ने को मिलती हैं। अब कैलेंडर के माध्यम से तिथियों की जानकारी मिलेगी। कांग्रेस नेता मोहन लालवानी ने कहा कि हरिभूमि अखबार निष्पक्षता की पहचान बन चुका है। अब कैलेंडर प्रकाशित कर नया आयाम रचा है। महापौर विजय देवांगन ने कहा कि क्षेत्र का सर्वाधिक सर्कुलेशन वाला अखबार हरिभूमि है जो प्रतिदिन हमें निष्पक्ष खबर परासेता है। हरिभूमि कैलेंडर के माध्यम से अब साल भर नई जानकारी मिलेगी।

भाजपा नेता चेतन हिन्दूजा ने कहा कि हरिभूमि अखबार की विश्वसनीयता का कोई सानी नहीं है। कैलेंडर विमोचन होने से लोगों को तिथियों की सटीक जानकारी मिलेगी। भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय साहू ने कैलेंडर की सराहना करते हुए कहा कि कैलेंडर में साल भर की महत्वूपूर्ण जानकारियां समाहित हैं जो अपने आप में काबिले तारीफ है। वरिष्ठ भाजपा नेता डीपेन्द्र साहू ने कहा कि हरिभूमि कैलेंडर के माध्यम से पाठकों को निश्चित रूप से साल भर पर्वों की जानकारी मिलेगी। यह अपने आप में अनूठा है। समाज सेवी नीरज नाहर ने कहा कि आम जनता को दिन तिथियों के लिए कैलेंडर की आवश्यकता होती है जिसे हरिभूमि कैलेंडर ने पूरा कर दिया। भाजपा जिला महामंत्री अविनाश दुबे ने कहा कि वार्षिक कैलेंडर प्रकाशित कर हरिभूमि अखबार ने सराहनीय कार्य किया है। कैलेंडर के माध्यम से दिन, दिनांक, राशि फल, व्रत, त्योहार, जयंती, निर्वाण तिथि आदि की जानकारी मिलेगी।

इस अवसर पर राकेश साहू, देवेश अग्रवाल, ईश्वर सोनकर, जय हिन्दूजा, लोकेश टंडन, आकाश गोलछा, युवराज शर्मा, घनश्याम साहू, हरिभूमि जिला ब्यूरो चीफ उमेश सिंह बशिष्ट, वरिष्ठ पत्रकार दीपनारायण शर्मा, दिलीप देवांगन, संतोष सोनकर, यशवंत साहू, आफिस स्टाफ चन्द्रकांत साहू, उत्तम धीवर, श्रीकांत साहू, संजय सपहा, माया यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### जिले में आज लगेंगे संकल्प शिविर

**धमतरी**। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में लगातार संकल्प शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 10 जनवरी को जिले के 12 गांवों में संकल्प शिविर लगाये जायेंगे। धमतरी विकासखण्ड के बिजनापुरी, गंगरेल, सेनचुवा, भटगांव, कुरूद विकासखण्ड के रामपुर, सेमरा बी, इर्रा, सिलघट, मगरलोड विकासखण्ड के सोनपैरी, डाभा और नगरी विकासखण्ड के चिंवर्री एवं घोटगांव में संकल्प शिविर आयोजित किये जायेंगे।

### पुरूर में मड़ई आज

**पुरूर(धमतरी)**। ग्राम पुरूर की मड़ई 10 जनवरी बुधवार को रखी गई है। सरपंच सुकीति यादव ने बताया कि ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए लोक प्रयाग राजिम का छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम रखा गया है।

### करगा में आज से सत्संग समारोह

**जीजामगांव**। ग्राम करगा में 10 एवं 11 जनवरी को दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन किया गया है। सत्संग समारोह के प्रमुख प्रवक्ता परीक्षा साहेब, धर्मप्रकाश साहेब , संकल्प साहेब, सुधीर साहेब, गुरमुख साहेब अपनी संत मंडली के साथ पधार रहे हैं। आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम दिवस भजन एवं प्रवचन सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक तथा दोपहर 3 से संध्या 5 बजे तक होगा। द्वितीय दिवस सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक सत्संग, प्रवचन, गुरू पूजा, आरती अटल परिसर बाजार चौक में होगी।

### सिवनीकला में आज से श्रीमद्भागवत कथा

**सिर्री**। ग्राम सिवनीकला में मिलंतीन बाई, देगेश साहू, हीरा साहू और ग्रामीणों के सहयोग से संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण का आयोजन 10 से 18 जनवरी तक किया गया है। बुधवार को कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ होगा। महिलाओं, युवतियों द्वारा कलशयात्रा निकालकर गांव में भ्रमण किया जायेगा। कथावाचक पं. योगेश बत्स महाराज होंगे। श्रद्धालुगण भागवत कथा का रसपान दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक कर सकेंगे।



नए प्रकरणों की स्वीकृति भी अटकी

# सिर्फ 8 माह मिला बेरोजगारी भत्ता, 2 माह से बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सरकार बदलते ही बेरोजगारों को मिलने वाले भत्ते पर रोक लग गई है। दिसंबर माह से उन्हें बेरोजगारी भत्ता नहीं मिला है। यही नहीं इस योजना के तहत नए प्रकरणों की स्वीकृति भी पिछले चार माह से बंद हैं।

कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार ने बेरोजगारों को हर माह 2500 रुपए भत्ता देने का वादा किया था। अपने कार्यकाल के चार साल निकल जाने के बाद अंतिम वर्ष में भत्ता देने की शुरूआत की। अप्रैल से पात्र बेरोजगारों को हर माह 2500 रुपए देना शुरू किया गया। भत्ता कुछ माह ही दिया गया, इसके बाद चुनावी माहौल शुरू हो गया। आचार संहिता के दौरान भी बेरोजगारों को भत्ता दिया गया लेकिन नवंबर माह से उन्हें भत्ता देना बंद कर दिया गया। भत्ता को लेकर रोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा पत्र व्यवहार भी किया गया है लेकिन अब तक भत्ता नहीं आया है। दो माह से भत्ता पेंडिंग हैं। सरकार बदलने के बाद भत्ता बंद होने से युवाओं में निराशा है। उन्होंने बताया कि भत्ता से उन्हें नौकरी आदि की तैयारी में मदद मिलती थी। कोई फार्म भरने में भत्ता की राशि खर्च करता था तो कोई ट्यूशन, कोचिंग में। भत्ता बंद होने से उनकी तैयारी भी रूक गई है।




### पौने चार लाख रुपए अटके

शुरूआती दौर में केवल 5 हजार बेरोजगारों को भत्ता दिया जा रहा था। धीरे-धीरे इनकी संख्या बढ़कर 7528 हो गई है। बेरोजगारों को अप्रैल से लेकर नवंबर तक सिर्फ 8 माह ही भत्ता दिया गया। नवंबर और दिसंबर माह का भत्ता अटका हुआ है। 2500 रुपए के हिसाब से एक माह का भत्ता 1 करोड़ 88 लाख 50 हजार रुपए बनता है। दो माह में 3 करोड़ 76 लाख 40 हजार रुपए का भत्ता शासन के पास पेंडिंग हैं।

### नया प्रकरण भी नहीं

सिर्फ भत्ता ही अटका नहीं है, बल्कि नए प्रकरणों की स्वीकृति भी रोक दी गई है। आचार संहिता लगते ही नए प्रकरण स्वीकृत करना बंद दिया गया था। आज तक नए प्रकरणों को मंजूरी देना शुरू नहीं किया गया है। हालांकि पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं लेकिन इनका वेरिफिकेशन और स्वीकृति नहीं की जा रही है।

## महतारी एक्सप्रेस अनियंत्रित होकर पलटी, चालक घायल



**धमतरी**। मरीज को उसके घर छोड़कर वापस लौट रही महतारी एक्सप्रेस 102 बेलर पहुंचने से पहले सड़क किनारे पलट गई। इस घटना में चालक घायल हो गया है।

■ बेलर मार्ग पर हुआ हादसा

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को बेलरगांव लोकेशन की महतारी एक्सप्रेस क्रमांक सीजी 07 सीपी 0579 मरीज को छोड़ने के लिये ग्राम कसपुर गई थी। मरीज को छोड़कर चालक तीरथ नेताम ग्राम बेलर निवासी शाम को महतारी एक्सप्रेस वाहन को चलाते हुये अकेला बेलर लौट रहा था। बेलर पहुंचने से पहले वाहन अचानक लहराते हुए सड़क से नीचे उतरकर पलट गया। इस घटना में चालक तीरथ के सिर व सीने व पैर में चोट लगी है। इसी दौरान धमतरी से उमरकोट जा रही बस के चालक व परिचालक ने महतारी एक्सप्रेस को सड़क किनारे पलटा देख बस को रोककर मदद के लिए नीचे नीचे उतरे। एंबुलेंस चालक को पानी पिलाकर स्वास्थ्य केन्द्र बेलरगांव को फोन से सूचना दी। सूचना पर कर्मचारी अन्य वाहन से घटनास्थल पहुंचकर घायल चालक को बेलर अस्पताल ले गये। यहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल तीरथ को नगरी अस्पताल रिफर कर दिया गया। घायल का उपचार जारी है। बताया जाता है कि चालक की हालत पहले से बेहतर है। फिलहाल महतारी एक्सप्रेस के अनियंत्रित होकर पलटने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## ओवरटेक करते मेटाडोर ने स्कूली बस को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ बस में सवार पांच से अधिक बच्चों को आई चोट

सामने जा रहे हाइवा को ओव्हरटेक करने के चक्कर में तेज रफ्तार मेटाडोर ने सामने से आ रही स्कूली बस को टक्कर मार दी। इस हादसे में बस में सवार बच्चों व चालक को चोट आई है।

मिली जानकारी के अनुसार विद्याकुंज स्कूल लोहरसी की स्कूली बस मंगलवार की सुबह सिहावा रोड से होते हुए नहर नाका चौक की ओर स्कूली बच्चों को लेते हुए जा रही थी। इसी दौरान नहर नाका की तरफ हाइवा व उसके पीछे आयशर मेटाडोर क्रमांक सीजी 05 डी 2011 सिहावा चौक की तरफ जा रहे थे। सिहावा रोड स्थित जालमपुर चौक के पास मेटाडोर का चालक अपने वाहन को तेज गति से चलाते हुए सामने जा रहे हाइवा को ओव्हरटेक करने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही स्कूली बस को मेटाडोर ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर से बस में बैठे बच्चों में चीख पुकार मच गई। स्कूली बस में कुल 6 बच्चे बैठे थे, जिसमें दसवीं कक्षा के छात्र के सिर पर चोट आई है। वहीं अन्य बच्चों को मामूली खरोच आई है। टक्कर की आवाज सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बस में सवार बच्चों को बाहर निकाला। संजीवनी 108 की मदद से बच्चों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे लौट गए। वहीं सूचना मिलने पर घायल छात्र के पिता भी वहां पहुंच गए, जहां से अपने घायल पुत्र को इलाज के लिए अपने वाहन से मसीही अस्पताल ले गए। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मेटाडोर को जब्त किया। पुलिस चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है।





## बोड़रा और बलियारा की जमीन के सीमांकन की उठी मांग

■ बलियारा के कुछ लोगों द्वारा बोड़रा की घास जमीन पर अतिक्रमण करने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दो गांव के बीच सीमा विवाद का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत बोड़रा के सरपंच सहित ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन कर बोड़रा और बलियारा का सीमांकन कराने की मांग की है। कलेक्टर के नाम सौंपे आवेदन में बोड़रा सरपंच सहित ग्रामीणों ने कहा है कि ग्राम बलियारा के कुछ लोगों द्वारा बोड़रा की घास जमीन पर अतिक्रमण किया जा रहा है जिससे दोनों गांव के बीच विवाद की स्थिति बन गई है। समय रहते इस अतिक्रमण पर रोक नहीं लगाया गया तो विवाद बढ़ने के साथ अप्रिय घटना भी हो सकती है।

ग्रामीणों ने कहा कि दोनों पंचायतों के मध्य जमीन का सीमांकन कराया जाए ताकि किसी प्रकार का विवाद न हो। बोड़रा सरपंच उकेश्वरी साहू, उपसरपंच ईश्वर साहू, पंचगण फल्लेश साहू, हंसराज साहू, श्यामलाल, पूनमचंद, गणेश्वर, बोधन, ललिता, तोमिन, तारा, सुखबाई आदि ने बताया कि इस मामले को लेकर 8 जनवरी को सरपंच की अध्यक्षता में बैठक भी रखी गई थी, जिसमें दोनों गांव के मध्य भूमि का सीमांकन कराकर चिन्हांकन कराने का निर्णय पारित हुआ है। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने सीमांकन कराने का आश्वासन दिया है।



कलेक्टर के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर ने लिया जायजा

# सरकारी कार्यालयों के पास दिखी गंदगी तो खैर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नए कलेक्टर ने चार्ज सम्हालते ही कार्यालयों को दुरूस्त करने की शुरूआत कर दी है। मंगलवार को उन्होंने कलेक्टोरेट और कम्पोजिट बिल्डिंग में चलने वालों कार्यालय की सूची मंगाई। इस दौरान गंदगी पर भी एक्शन लेने को कहा।

कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर दिव्या पोटाई ने सरकारी कार्यालयों की कुंडली तैयार की। इसके लिए उन्होंने कलेक्टोरेट और कंपोजिट बिल्डिंग का भौतिक निरीक्षण किया। कौन से कमरे में कौन से विभाग चल रहा है, इसकी सूची तैयार की। निरीक्षण के दौरान दोनों भवन में गंदगी दिखाई दी। खिड़की, दरवाजे सहित अन्य खाली जगहों पर गुटखा-पान के दाग दिखाई दिए। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई। रोजगार कार्यालय के सामने एक खाली कमरे में खूब गंदगी पसरी हुई थी। उन्होंने उस कमरे को साफ कर उपयोग में लाने के निर्देश दिए। डिप्टी कलेक्टर पोटाई ने बताया कि इस निरीक्षण की एक रिपोर्ट बनाकर कलेक्टर को सौंपेंगी। दो दिन बाद वे फिर से दोनों भवनों को निरीक्षण करेंगी। इस दौरान स्थिति में सुधार नहीं पाया गया तो कार्रवाई होगी। कलेक्टर द्वारा दोनों भवनों में चलने वाले कार्यालय का निरीक्षण किया जाना है।




### नजरों से चूके कई स्थान

कंपोजिट बिल्डिंग में कई स्थान गंदगी से सराबोर हैं। इस ओर किसी का ध्यान नहीं गया। बिल्डिंग की छत पर स्थित एक कमरे में तो कुछ विभागों ने अपने रद्दी कागज को जला दिया है। पूरा परिसर जले हुए कागज के राखड़ से भरा पड़ा है। छत पर जहां पानी टंकी है, वहां पर भी गंदगी पसरी हुई थी। कलेक्टोरेट बिल्डिंग की छत पर ही गंदगी दिखाई पड़ी।

### रखी अपनी समस्या

रोजगार कार्यालय कम्पोजिट बिल्डिंग के दूसरे माले पर है। बड़ा विभाग होने के कारण यहां पर बड़ी संख्या में लोग आते हैं। इनमें गर्भवती महिलाएं, दिव्यांग छात्र भी शामिल हैं। उन्हें सीढ़ियां चढ़ने पर दिक्कत होती है। विभागीय कर्मचारियों ने रोजगार कार्यालय को कम्पोजिट बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर स्थानांतरित करने की मांग की।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### तीर्थ स्थल एवं मंदिरों के पास चलेगा स्वच्छता अभियान



**नगरी।** अयोध्या में प्रभु रामलाल की मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्देशानुसार 14 जनवरी मकर संक्रांति से 22 जनवरी तक सभी तीर्थ स्थल पूजा स्थल एवं मंदिरों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष शशि पवार ने जिला मंत्री राजेन्द्र गोलछा को जिला संयोजक एवं छत्रपाल बैस, निलेश लुनिया को सह संयोजक नियुक्त किया है। 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर रामज्योति जलाकर दीपावली मनाई जायेगी।

### गातापार में कवि सम्मेलन 12 को

**सिर्री।** मानसरोवर साहित्य अकादमी एवं प्रेरणा मित्र युवा संगठन व ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम गातापार (कुरुद) में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन 12 जनवरी को रखा गया है। दोपहर 12 बजे अक्षत कलश यात्रा, दोपहर 3 बजे धर्मसभा महंत उमेशानंद गिरी महाराज बुड़ेनी आश्रम, महंत गोकुल गिरी महाराज लोमश ऋषि आश्रम के सानिध्य में संपन्न होगी। रात्रि 7 बजे कवि सम्मेलन शुरू होगा। कवि मीर अली (गीतकार) रायपुर, कवि मकसुदनराम साहू नयापारा, कवि कृष्णा भारती (हास्य) सिमगा, कवि यशवंत यदु (हास्य, व्यंग्य) रायपुर, कवि महेन्द्र कुमार (व्यंग्य, वीर रस) रायपुर, कवि रिंकी (वीर रस) रायपुर, कवयित्री नेहा ठेठवार (ओज) धरमजयगढ़, कवि राजू छत्तीसगढ़िया (ओज) गातापार कुरूद अपनी कविता से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी में चोपेश्वर साहू संरक्षक, कुलेश्वर साहू मार्गदर्शक, संयोजक तुलेश साहू सचिव प्रेरणा मित्र युवा संगठन व ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

रेलवे ने वार्ड के 266 लोगों को डाक के माध्यम से नोटिस थमाया

# स्टेशनपारावासियों ने आवास को लेकर निगम का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



स्टेशनपारा वार्ड के रहवासियों ने मंगलवार को आवास की मांग को लेकर नगर निगम का घेराव किया। महापौर विजय देवांगन ने विधिवत व्यवस्थापन करने का आश्वासन दिया है। विदित हो कि बड़ी रेललाइन के कार्य में तेजी आने के बाद लोगों में हड़कंप मंच गया है। कभी भी मकान टूटने का डर सता रहा है। रेलवे ने रहवासियों को डाक के माध्यम से नोटिस जारी किया है। उधर नोटिस मिलने के बाद वार्ड के 16 परिवार ने महिमासागर वार्ड में बन रहे पीएम आवास में प्रवेश कर गया जबकि निर्माण कार्य अधूरा है। ज्ञात हो कि आवास टूटने के डर से वार्डवासी कलेक्टोरेट का भी चक्कर काट चुके हैं। आए दिन निगम दफ्तर पहुंचकर अपनी आप बीती बता रहे हैं। इसके बाद भी उन्हें स्थायी आवास नहीं मिल रहा है। बेघर होने की चिंता उन्हें सता रही है। समय रहते अगर आवास मिल जाता है तो वे व्यवस्थापन के लिए तैयार हैं, लेकिन बगैर आवास मिले उनका मकान टूटता है तो वे कहां जाएंगे। इस बात को लेकर वार्डवासी डरे सहमे हैं। फिलहाल रेलवे ने वार्ड के 266 लोगों को डाक के माध्यम से नोटिस थमाया है।

इधर रेलवे ने न्यायालय में केवियर दायर कर रखा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे रायपुर के वरिष्ठ अभियंता केवियरकर्ता है। केवियर आवेदन धारा 148 ए व्यवहार संहिता के अंतर्गत हैं।

## जोरातराई में अयोध्या से पहुंचा अक्षत कलश



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

ग्राम जोरातराई अं में आयोध्या से पहुंचे अक्षत कलश का ग्रामीणों ने श्री मंदिर में पूजा पाठ किया। इसके बाद रावत नाचा के माध्यम से कलश यात्रा निकाली गई। अक्षत कलश के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने कलश लेकर गली का भ्रमण किया। इस अवसर पर संत देवकर साहेब, मोतीलाल जैन, परदेशीराम साहू, रामस्वरूप साहू , सुदामाराम साहू, बंशीलाल साहू, गोविंद सिंह राजपूत, अशोक पाल, टेकराम साहू, भिखारी साहू, गणपत निषाद, बिष्णु तारक, बालमुकुंद साहू, नाथू साहू, उत्तम साहू, उदयपाल , धनसाय साहू, केजूराम साहू, नोहर निषाद, सेऊक पाल, पंचम पाल, नेमीचंद साहू, गोपाल सिंह राजपूत, राकेश पाल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इस अवसर पर संत देवकर साहेब ने कहा कि 22 जनवरी को आयोध्या में भगवान श्रीराम विराजमान हो रहे हैं। इस दिन देश के हर गांव में दीपावली की तरह उत्सव मनाया जायेगा।

## रंगोली में रेशमा व मॉडल प्रतियोगिता में भूमिका अव्वल

- छग महतारी महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा में संस्था एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिन पर विविध कार्यक्रम हुए। अतिथि डॉ व्ही के पाठक विभागाध्यक्ष गणित विभाग बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी, डॉ गोविंद प्रसाद साहू सहायक प्राध्यापक गणित सेंटर आफ़ बेसिक साइंस पं रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर, डॉ शैलेंद्र साहू प्राचार्य छग महतारी महाविद्यालय भखारा, सुश्री हिमानी जोशी सहायक प्राध्यापक रसायन थे।

रंगोली प्रतियोगिता में रेशमा साहू, बीएससी भाग तीन ने प्रथम, श्वेता शर्मा, बीएससी भाग एक ने द्वितीय तथा चांदनी यादव बीए भाग तीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में खिलेश देवांगन बीए भाग तीन ने प्रथम, लीकिता साहू बीए भाग दो ने द्वितीय तथा देवेन्द्र बीएससी भाग तीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मॉडल प्रतियोगिता में भूमिका साहू, बीएससी भाग तीन ने प्रथम तथा डागेश्वर साहू बीएससी भाग एक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रत्याशियों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन टीके साहू सहायक प्राध्यापक हिंदी तथा आभार प्रदर्शन सुश्री नेहा साहू सहायक प्राध्यापक जंतु विज्ञान ने किया। इस अवसर पर एमएस साहू, ऐमेश्वरी ढीढी, सुनील साहू, उषा साहू, अंजु कूर्रे, दिनेश साहू सहायक प्राध्यापक, तोमेश्वर मौर्यवंशी कार्यालय सहायक एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## छग की लोक परंपरा और संस्कृति की बिखरी छटा

- रेनबो इंग्लिश मीडियम स्कूल ने स्पंदन 2024 का किया आयोजन
- शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान न रहे : पारख

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



रेनबो इंग्लिश मीडियम स्कूल करेली छोटी ने 11वां वार्षिक सांस्कृतिक समारोह स्पंदन 2024 का आयोजन किया। मुख्य अतिथि मनोज विद्यार्थी प्रिंसिपल पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय कुरूद थे। अध्यक्षता एके गोयल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अशोक अग्रवाल ने की। विशिष्ट अतिथि भारत स्काउट गाइड एवं निजी विद्यालय संघ के जिलाध्यक्ष विनोद पाण्डे एवं कुरूद कालेज के प्रिंसिपल दिनेश राठौर थे। स्कूल के डायरेक्टर पारखदास मानिकपुरी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान न होकर बच्चों के सम्पूर्ण व्यक्तिव का विकास होना चाहिए। मुख्य अतिथि श्री विद्यार्थी ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए विद्यालय प्रबन्धन द्वारा बेहतर तरीके से काम किया जा रहा है । इस अवसर पर अतिथियों ने प्रतिभावान बच्चों और पत्रकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए नीलम साहू, सुरेश साहू, ज्ञानदेव साहू, छत्रपाल साहू, गेवेंद्र साहू, पवन निषाद, मुकेश कश्यप का सम्मान किया ।

रंग बिरंगी लाइट की रोशनी और डिजिटल स्क्रीन से सजे आकर्षक मंच पर स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांकृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। छत्तीसगढ़ दर्शन गीत के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक परम्परा और संस्कृति को नृत्य के माध्यम दिखाया गया। आर्मी थीम के गीत द्वारा देश के जवानों की शहादत को दिखाया गया। छात्र-छात्राओं ने एक बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विभिन्न राज्यों की संस्कृति जब नृत्य के माध्यम से प्रदर्शित हुई तो दर्शक विस्मित स्कर देखते ही रहे।

कार्यक्रम में प्रबंधक साधना साहू, प्रिंसिपल दीप्ति मानिकपुरी, संगीत शिक्षक लीलेंद साहू, खिलेश्वरी साहू, डामिन साहू, छबीला साहू, केशन निषाद, रवि साहू, छबीला यादव, माधुरी निषाद, सविता साहू का विशेष योगदान रहा। संचालन आरडी साहू, आरती महानंद ने किया।





## साहित्यकार प्रिया राजस्थान में बाल साहित्य की मानद उपाधि से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

साहित्य मंडल, श्रीनाथ द्वारा राजस्थान में आयोजित भगवती प्रसाद देवपुरा स्मृति एवं राष्ट्रीय बाल साहित्य समारोह 2024 में छत्तीसगढ़ की प्रिया देवांगन को "बाल साहित्य भूषण" की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। बाल साहित्य, लघुकथा एवं कहानी लेखन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रिया को नकद राशि, शॉल, श्रीफल, मोतियों की माला, मेवाड़ी पगड़ी, श्रीनाथ की तस्वीर और सम्मान-पत्र देकर संस्था के प्रमुख मंत्री श्यामप्रकाश देवपुरा एवं अध्यक्ष मदनमोहन शर्मा ने सम्मानित किया। ज्ञात हो कि प्रिया देवांगन छत्तीसगढ़ के जाने माने साहित्यकार स्व. महेंद्र देवांगन की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि पर प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकार अरुण निगम, ईश्वर साहू, जितेंद्र वर्मा, शोभा मोहन श्रीवास्तव, बलराम चंद्राकर, रामेश्वर शर्मा, बोधनराम निषाद, अशोक पटेल, टिकेश्वर सिन्हा सहित राजिम अंचल के साहित्यकारों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## अंचल की खबरें

### नया तालाब का पानी प्रदूषित



**अंवरी।** नगर पंचायत भखारा भठेली वार्ड क्रमांक 13- 14 निवासी भीष्म माल, सोमेंद्र साहू ने बताया कि नया तालाब का पानी काफी खराब हो चुका है। पानी से बदबू आने लगी है। इस तालाब में नहाने से कई प्रकार की बीमारी होने का खतरा बढ़ गया है।

### कुर्रा में ग्रीन आर्मी का सम्मान



**कोर्रा (भखारा)।** ग्राम कुर्रा (रांवा) में नव युवा मित्र रामायण समिति के सदस्यों एवं ग्रामवासियों ने ग्रीन आर्मी महिला समूह की सदस्य श्रीमती मधुलता साहू, किरण गायकवाड़, प्रमिला नेताम, श्याम बाई साहू, भुनेश्वरी साहू का सम्मान किया।

### युवाओं ने सीएमओ से नगर हित पर की चर्चा



**मगरलोड।** नगर पंचायत मगरलोड-भैंसमुंडी के युवाओं ने वार्ड क्रमांक 11 में पाइप लाइन, स्टेडियम का जीर्णोद्धार, सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी से मांग की। युवाओं ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी व कर्मचारियों के साथ नगर भ्रमण कर जनसमस्याओं से अवगत कराया। मौके पर तिलक कृपाराम साहू, चेतन बिंझेकर, राजेश साहू, राकेश साहू अधिवक्ता, संतोष राजपूत, लोकेश साहू, शत्रुघन निषाद, रोहित साहू व अन्य शामिल थे। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने युवाओं को आश्वासन दिया है कि 2 महीने के भीतर समस्याओं का निवारण किया जाएगा।

### छात्रों ने मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला का किया शैक्षणिक भ्रमण



**कोर्रा(भखारा)।** महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग के छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य डॉ. संजय शर्मा के मार्गदर्शन में मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला गरियाबंद का शैक्षणिक भ्रमण किया। छात्रों को मिट्टी में पाए जाने वाले 12 प्रमुख तत्व जैसे नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटेशियम, ऑर्गेनिक कार्बन, मैंगनीज , कॉपर, आयरन, जिंक की आवश्यकताओं के बारे में बताया गया। इस परीक्षण में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न प्रकार के उपकरणों व उनके सिद्धांतों को विस्तार से सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी रमेश निषाद ने समझाया। चंदन रॉय उपसंचालक कृषि ने मृदा परीक्षण की आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान हरविंदर सिंह कुर्रे विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र, श्रीमती अनुनय टोप्पो सहायक प्राध्यापक वनस्पति विज्ञान, रामानंद सेन व शकुंतला साहू उपस्थित थे।

### गणेशपुर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 12 से

**जीजामगांव।** सत्संग सेवा समिति, बोल बम सेवा समिति एवं रामायण सेवा समिति तथा ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम गणेशपुर के श्रीराम जानकी मंदिर में 12 से 20 जनवरी तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथावाचक सुश्री गंगा वृंदावन धाम होंगी। आयोजक समिति ने बताया कि कथा श्रवण का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 तक एवं दोपहर 3 बजे से संध्या 6 बजे तक है।

रथ में पादुकाओं को विराजित कर भ्रमण कराया

# भक्तों ने सिद्ध पादुकाओं का दर्शन लाभ लिया





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी नरेंद्राचार्य महाराज दक्षिणपीठ नानीजधाम महाराष्ट्र के पादुका दर्शन एवं पूजन समारोह दर्री में आयोजित किया गया।

प्रातः 9 बजे शासकीय माध्यमिक शाला परिसर मैदान में समारोह शुरू हुआ। रथ में सिद्ध पादुकाओं को विराजित किया गया। शोभायात्रा समारोह स्थल पहुंचने के बाद यजमान द्वारा आरती पूजन किया गया। नानीज धाम से पहुंचे प्रवचनकार ने कहा कि हमें प्रपंच के साथ परमार्थ भी करना चाहिए। जगद्गुरु श्री ने तीन सरल बातों का आव्हान किया है। दिन में किसी भी समय कम से कम 10 मिनट एकाग्रता से अपने प्रिय इष्टदेव की भक्ति करे। सपने में भी किसी का बुरा मत सोचो। आप जीयो और दूसरों को जीने में सहायता करो। अगर इन तीन बात को कोई भी जीवन में अपना ले तो उसका प्रपंच भी संतुलित रहेगा और उसके हाथों से परमार्थ भी हो जायेगा।

इस अवसर पर भक्तों ने सिद्ध पादुकाओं का दर्शन लाभ लिया। जरूरतमंद बच्चों को कॉपी पेन,स्कूल बैग, किसानों को दवाई छिड़काव मशीन वितरित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक रंजना साहू, दीपक लखोटिया, हेमराज सोनी, दयाराम साहू, श्यामा साहू, नरेश साहू, पीठ प्रमुख घनश्याम माहेश्वरी, उपपीठ प्रमुख मुन्ना लाल मोटघरे, व्यवस्थापक देवेंद्र पांडेय, जिला अध्यक्ष विजय रक्टाटे, महिला अध्यक्ष रमा साहू, निरीक्षक सौरभ सोनी, ज्ञानेश्वर साहू, गंगा सागर तिवारी, राजिल रंडीर ,राधा जायसवाल, राजाराम पंचारी, रामकृष्ण उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari

उचित दामों पर उच्चतम क्वालिटी के फ्लाईएश ईंट एवं पेवर ब्लाक उपलब्ध
कासलीवाल ब्रिक्स
रेत, गिट्टी, ईंट, सीमेंट, छड़ के सप्लायर
प्रो. शीतल कासलीवाल : 87706-89029
ग्राम-संकरी, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी
नोट : सभी शासकीय कार्य एवं भवन निर्माण हेतु जीएसटी बिल के साथ उपलब्ध

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
पंजीयन आवश्यक - 9981996482
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप किडनी रोग, मस्तिष्क रोग, स्लिप डिस्क से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
डॉ करण सराफ — MD,DM Nephrologist — किडनी रोग विशेषज्ञ — 02 जनवरी 2024 मंगलवार
डॉ अक्षय बैद — MS,MCh, Neurosurgeon — ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ — 05 जनवरी 2024 शुक्रवार
डॉ आशु जैन — MS,MCh, Neurosurgeon — ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ — 12 जनवरी 2024 शुक्रवार

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## अंचल की खबरें

### सब्सिडी के साथ मिलेगा 10 हजार का लोन



प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना : नगर निगम कार्यालय में रेहड़ी वालों के लिए लगाया जा रहा कैंप

**धमतरी।** केंद्र सरकार द्वारा कोविड के दौरान हुए नुकसान की भरपाई के लिए पीएम स्वनिधि स्कीम लागू की गई है। इसके तहत रेहड़ी वालों को लोन दिलाने के लिए नगर निगम द्वारा कैम्प का आयोजन निगम कार्यालय के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन कार्यलय पार्किंग के बाजू में किया जा रहा है जो 2 हफ्तों तक चलेगा। इस संबंध में आयुक्त विनय कुमार ने बताया कि केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय की इस स्कीम के अंतर्गत रेहड़ी वालों को ब्याज दर पर सब्सिडी के साथ 10 हजार का लोन मिल सकता है। प्रबंधक विमल साहू ने बताया कि इस स्कीम के तहत अब तक करीब 2000 हितग्राहियों द्वारा इसका लाभ लिया जा चुका है। एक बार 10 हजार लोन वापस करने पर 20 हजार तत्पश्चात 50 हजार तक का लोन हितग्राही ले सकते हैं। कैंप में हितग्राही अपना आधार कार्ड, राशन कार्ड, पासपोर्ट फोटो, बैंक पास बुक की फोटो कॉपी के साथ अपना फॉर्म भर सकते हैं।

### योग से शारीरिक तनाव दूर होता है : जया



**धमतरी।** भारतीय जैन संघटना महिला शाखा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय योग शिविर का समापन हुआ। अंतिम दिन लगभग 65 लोगों ने शिविर में भाग लिया। अध्यक्षा वंदना चौरडिया ने कहा कि मानव जीवन अनमोल है और इसकी सुरक्षा करना हमारा कर्तव्य है। सभी योग से आरोग्य बने और योग से जुड़े। जया महावर ने कहा कि सभी को योग करना चाहिए। योग हमारे मानसिक व शारीरिक तनाव को खत्म करता है। यह हमें आंतरिक रूप से सशक्त बनाता है। बहुत सी बीमारियों का इलाज योग में छिपा है। इस अवसर पर सुषमा चोपड़ा, विजयलक्ष्मी, रमेश मिन्नी, इंदिरा लुंकड़, श्वेता नाहर, सारिका नाहटा समेत अन्य मौजूद थे। अध्यक्ष वंदना चौरडिया ने आभार प्रदर्शन किया।

### संविलियन की मांग को लेकर सेजेस के शिक्षक केबिनेट मंत्रियों से मिले



**धमतरी।** छग स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी-हिंदी माध्यम विद्यालय शिक्षक एवं कर्मचारी संघ की वार्षिक आमसभा हुई। विभिन्न मांगों को लेकर संघ के प्रदेश संभाग एवं जिला पदाधिकारियों ने केबिनेट मंत्रियों से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। 7 जनवरी को रविन्द्र मंच, कालीबाड़ी चौक रायपुर में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। सेजेस संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ ने अपनी तीन सूत्रीय मांग को लेकर छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी से भेंट की। मंत्रियों ने उनकी मांगों को पूरा करने का भरोसा दिलाया।

**• ये हैं प्रमुख मांग**

संविदा के स्थान पर कार्यरत सभी सेजेस शिक्षक एवं कर्मचारियों का संविलयन किया जाए। वेतन विसंगति के साथ काल अवधि समस्या का निराकरण कर समान पद, समान वेतन भुगतान का लाभ दिया जाए। नियमित कर्मचारियों की भांति स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को सीएल, टीए, डीए व एचआरए का लाभ दिया जाए।

### किसान क्रेडिट कार्ड से मत्स्य कृषकों को मिल रही सब्सिडी



**धमतरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में संकल्प शिविर लगातार आयोजित किये जा रहे हैं। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जा रही और योजनाओं से लाभान्वित हितग्राही भी अपनी कहानी अपनी जुबानी बता रहे हैं। इन्हीं हितग्राहियों में हैं ऐसे मत्स्य किसान, जिन्हें किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए मछली पालन के लिये मिली सब्सिडी का लाभ लेने वाले तरसींवा के महेन्द्र , भोथीपार की श्रीमती खिलेश्वरी सेन सहित आठ अन्य मत्स्य कृषक। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय योजना से मछली पालन के लिये मिलने वाली सब्सिडी का लाभ लेकर वे आर्थिक स्थिति को सुधारकर प्रगति की राह में अग्रसर हो रहे हैं। गौरतलब है कि किसान क्रेडिट कार्ड के तहत पट्टाधारक अथवा स्वयं की भूमि में निर्मित तालाब एवं संवर्धन पोखर हेतु प्रति हेक्टेयर चूना, मत्स्यबीज, मत्स्यपूरक आहार, दवाइयां एवं अन्य के लिये एक लाख 50 हजार रूपये के मान से ऋण दिया जाता है। जिले के भोथीपार की जय मां खल्लारी स्व सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी सेन और तरसींवा के महेन्द्र कुमार ने किसान क्रेडिट कार्ड से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

### छात्रों ने किया धान उपार्जन केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण



**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर मड़ईभाठा के छात्रों ने धान उपार्जन केन्द्र का भ्रमण किया। कक्षा पांचवीं के छात्रों को आचार्य अमनराव व कृषि अधिकारी रितुराज साहू ने बताया कि किसान किस तरह से अपना धान मंडी तक ले जाते हैं और किस मूल्य पर बेचते हैं और मंडी से धान कहां जाता है। धान से चावल कैसे बनता है। उसे राइसमिल में जाकर देखा।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत लोगों को दी जा रही जानकारी

# ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन के प्रचार प्रसार के लिए प्रदर्शन केंद्र स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देशानुसार जिला कार्यालय स्थित प्रतीक्षा कक्ष में ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र स्थापित किया गया है। इस प्रदर्शन केन्द्र के माध्यम से दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों को ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन संचालन की जानकारी दी जा रही है। कलेक्टर ने जिलेवासियों से आग्रह किया है कि वे ईवीएम और वीवीपैट के बारे में अधिक से अधिक लोगों को बताएं और मतदान के प्रति जागरूक करने और कलेक्टोरेट पहुंचने वाले



आमजन से कहा कि वे प्रतीक्षा कक्ष में बने ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र से ईवीएम, वीवीपैट और मतदान संबंधी जानकारी लेकर इसका लाभ उठाएं।

मतदाताओं को ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन तथा मतदान केन्द्र में मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए कलेक्टोरेट एवं सभी तहसील कार्यालयों में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन प्रदर्शन केन्द्र की स्थापना की गई है। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन प्रदर्शन केन्द्र में मतदाताओं को वोटिंग मशीन का बटन दबाकर वोट डालने का प्रयोग कराया जा रहा है। युवा एवं महिला मतदाता एवं पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं में ईवीएम जागरूकता के प्रति खासा उत्साह देखा जा रहा है। गौरतलब है कि समावेशी, सुगम एवं सहभागी निर्वाचन के लिए ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन के संबंध में जनसामान्य को जानकारी दी जा रही है। वोटर वेरीफाइबल पेपर ऑडिट ट्रेल यानी वीवीपैट व्यवस्था के तहत वोट डालने के तुरंत बाद कागज कागज की एक पर्ची बनती है। इस पर्ची पर जिस उम्मीदवार को वोट दिया है, उनका नाम और चुनाव चिन्ह छपा होता है। यह पर्ची वीवीपैट की स्क्रीन पर वोटर को 7 सेकेण्ड तक दिखने के पश्चात वीवीपैट के बाक्स में स्वतः गिर जाती है। ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन की जानकारी लेने वालों में पोषण लाल साहू, नरसिंग पटेल, दुर्गा कश्यप, रामकुमारी साहू, बंशीलाल पटेल, कल्याणी तारक सहित दूर-दराज से पहुंचे अन्य ग्रामीण शामिल है।

### बीए की प्रवीण्य सूची में योगिता को मिला चतुर्थ स्थान

**जीजामगांव।** दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में सत्र 2022-23 में अध्ययनरत बीए भाग 3 की छात्रा योगिता साहू पिता केदार साहू ने सर्वाधिक 1440 अंक अर्जित कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान एवं रविशंकर विवि रायपुर की प्रवीण्य सूची में चतुर्थ स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने पर महाविद्यालय के अध्यक्ष, संचालक सदस्यों, प्राचार्य प्राचार्य डॉ. चोवाराम यदु, प्राध्यापकों एवं सहपाठियों ने हर्ष व्यक्त किया है। इस अवसर पर योगिता ने कहा कि सफलता के लिए लगन और मेहनत के साथ गुरुजनों का आशीर्वाद भी जरूरी है। गुरुजनों के मार्गदर्शन के परिणाम स्वरूप इस सम्मान के योग्य बनी हूं।



## भारतीय मजदूर संघ देश का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन : लालजी



■ बिजली कर्मचारियों ने मनाया नववर्ष पारिवारिक मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ शाखा धमतरी-कुरूद का नव वर्ष पारिवारिक मिलन कार्यक्रम पंचवटी कॉलोनी सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के वरिष्ठ पदाधिकारी अरुण देवांगन, विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के मंत्री हरीश चौहान, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पीआर साहू थे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ धमतरी के अध्यक्ष लालजी साहू ने की। लालजी साहू ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ भारत का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन है , जो देश हित उद्योग हित एवं कर्मचारी हित में कार्य करता है। धमतरी में प्रतिवर्ष कर्मचारियों के परिवार जनों को एक दूसरे से जोड़ने के लिए पारिवारिक मिलन का कार्यक्रम रखा जाता है। मुख्य अतिथि श्री देवांगन ने पारिवारिक मिलन कार्यक्रम की तारीफ करते हुए मातृ शक्तियों से एकजुट रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर महिलाओं एवं बच्चों के लिए कुर्सी दौड़ , अंताक्षरी, एकलगी मनोरंजनात्मक कार्यक्रम रखे गए थे । कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संभागीय सचिव पीयूष सिन्हा ने किया। मौके पर नम्रता, एकता गायकवाड़, उपाध्यक्ष रमाकांत साहू, रामाधर नेताम, खम्मन साहू, बीएल निर्मलकर, श्रीकांत वेरुलकर, सुरेंद्र ध्रुव, अग्रहिज ठाकुर, श्रीकांत सरोज, पिंकी ठाकुर का सहयोग रहा।

## धर्मांतरण की दुकान पर नकेल कसने की मांग



■ विहिप, बजरंग दल के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधीश को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने जिलाधीश नम्रता गांधी से जिले में फैल रही धर्मांतरण की दुकान, अवैध चंगाई सभा को बंद करने, गौ तस्करी पर रोक लगाने की मांग को लेकर चर्चा की। उन्होंने धर्मांतरण करवाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने ज्ञापन सौंपा। जिलाधीश ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। जिला मंत्री विहिप रामचंद देवांगन ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के प्रतिनिधियों ने जिलाधीश नम्रता गांधी का स्वागत कर उनसे हिंदू हित के विषय पर चर्चा की। हिंदू समाज के साथ शासन प्रशासन स्तर पर सहयोग पूर्ण व्यवहार बनाए रखने का आग्रह किया गया। प्रतिनिधि मण्डल में जिला सह संयोजक बजरंग दल डाकेश्वर साहू, जिला मीडिया प्रमुख योगेन्द्र साहू, नगर संयोजक चित्रेश साहू, प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख गणेश सिन्हा, राहुल मेश्राम समेत अन्य मौजूद थे।

### सिर पर अक्षत कलश धारण कर भक्तों ने निकाली प्रभातफेरी

**कुरूद।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा का महोत्सव गांव में मनाने और इसमें सभी लोगों को आमंत्रित करने के लिए ग्राम उमरदा में भजन-कीर्तन कर प्रभातफेरी निकाली गई। इस दौरान अयोध्या से आए अक्षत कलश को सिर पर धारण कर राम नाम जपते हुए गांव का श्रद्धालुओं ने भ्रमण किया।

## आदिवासियों के लिए आखिरी सांस तक लड़ाई जारी रहेगी : रघु



■ लोसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कौहाबाहरा में जनसभा को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सिहावा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों की मौलिक और मूलभूत समस्याओं को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघु ठाकुर एवं राष्ट्रीय सचिव जयवंत तोमर की अगुवाई में कौहाबाहरा बाजार चौक पर विशाल जनसभा हुई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रघु ठाकुर ने आदिवासी समुदाय को मूल निवासी बताते हुए कहा कि आज हिंदुस्तान की संसद में आदिवासी मूल निवासी के लिए कानून आया है।

आगे कहा कि उमरादैहान, बोईरनाला ठेलकाभर्री, कुसुमभर्री, देवभर्री, उपखरखा को आज भी शासन व्दारा मान्यता नहीं मिल पाया है। उन्होंने शासन की नीति को कोसा। उन्होंने जमीन के अधिकार के लिए



लिए अनवरत संघर्ष करने की भी बात कही। उन्होंने धमतरी जिले के वनांचल क्षेत्र में हाथियों से होने वाली जनहानि होने पर 1 करोड़ और धन हानि पर 10 लाख देने शासन से मांग की। सभा के दौरान शिवप्रसाद नेताम ने क्षेत्र की समस्याओं और मांग को प्रांतीय अध्यक्ष के समक्ष प्रमुखता से रखा।

सभा के दौरान सुखचंद मरकाम, रामभरोसा सिन्हा, रामलाल नेताम, सुनील नेताम, शिवलाल नेताम, मोहित मरकाम, बृजलाल सोरी, दशरुराम, अजय मरकाम, सुखऊ मरकाम, जयसिंह कुंजाम, राजू नेताम, रामसाय वट्टी, पार्वती टेकाम, राधिका नेताम, इतवारीन यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## कार्यकर्ताओं की मेहनत और मोदी पर जनता के भरोसे से मिली जीत : नीलू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भाजपा धमतरी विधानसभा की बैठक जिला भाजपा कार्यालय में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी नीलू शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और मोदी पर जनता के भरोसे की वजह से विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत हुई है। श्री शर्मा ने 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य श्री राम मन्दिर की प्रतिष्ठा को लेकर चल रहे विभिन्न आयोजन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सदियों के संघर्ष और लाखों प्राणों की आहुति के बाद यह पवित्र स्थल हमें प्राप्त हुआ है। इसके संघर्ष से लेकर भव्य राम मन्दिर के निर्माण तक हम सभी ने गिलहरी की भांति कुछ न कुछ योगदान दिया है। जिलाध्यक्ष ठाकुर शशि पवार ने कहा कि छग सहित 3 राज्यों में विधानसभा चुनावों में मिली सफलता के साथ राम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं आसन्न लोकसभा चुनावों को लेकर देश की जनता का उत्साह एवं





कार्यकर्ताओं का आत्मविश्वास यह बता रहा है कि भारत में राम राज्य की पुनर्स्थापना का दौर प्रारंभ हो चुका है। जिला उपाध्यक्ष अरविंदर मुंडी ने बूथों पर चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के नगर संयोजक दिलीप राज सोनी ने समारोह के संबंध में जानकारी दी। बैठक का संचालन जिला महामंत्री

**जिला भाजपा कार्यालय में हुई विधानसभा स्तरीय बैठक** | **राम मंदिर निर्माण सदियों के संघर्ष का परिणाम** | **भारत में राम राज्य की पुनर्स्थापना का दौर प्रारंभ : शशि पवार**

कविंद्र जैन एवं आभार प्रदर्शन विजय साहू ने किया। मौके पर लोकसभा विस्तारक पवन अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश ठोकने, महेंद्र पंडित, नेहरू निषाद, सरला जैन, हेमलता शर्मा, बीथिका विश्वास, राजेश गोलछा, आशीष शर्मा, गौरव मगर, हेमंत माला, राजेंद्र शर्मा, मुरारी यदु, हेमंत चंद्राकर, कैलाश सोनकर, चंद्रकला पटेल, रोहिताश मिश्रा, सुशीला तिवारी, सरिता असाई, जगेश्वरी साहू, धनीराम सोनकर, विजय मोटवानी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संयुक्त शिक्षक एवं शारीरिक शिक्षक संघ ने की जिलाधीश से मुलाकात



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक व व्यायाम शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने नव नियुक्त जिलाधीश नम्रता गांधी से सौजन्य मुलाकात की। जिलाधीश को संघ द्वारा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम को लेकर ठोस रणनीति व शिक्षकों की प्रमुख समस्याओं मेडिकल अवकाश, सर्विस बुक संधारण, ग्रेजुएटी पास बुक, परीक्षा अनुमति, जिले में संचालित शैक्षिक क्रियाकलाप के साथ बच्चों के लिए शारीरिक खेलकूद कैलेंडर निर्माण से अवगत कराया। जिलाधीश ने इन बातों को गंभीरता से लेते हुए संघ के साथ बैठक करने की बात कही। इस अवसर पर ममता खालसा प्रांताध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, हरीश सिन्हा जिलाध्यक्ष, अमित महोबे जिला सचिव, शेषनारायण गजेंद्र जिला कोषाध्यक, महिला कार्यकारिणी सुनीता यादव, शोभा गुप्ता, हितेश साहू, निष्ठा, शिखा श्रीवास्तव, सविता महोबे, प्रीति नेताम, प्रीति द्विवेदी, मीनाक्षी वर्मा, दीपक सहारे, वरुण साहू मीडिया प्रभारी, पवन परिहा, इकराम खान, देवेश साहू, मनोज साहू, अनिल सोरी, विनीत शंकर मिश्र, हुमन चंद्राकर, पुरुषोत्तम निषाद, जयंत साहू, पदुम साहू, लोमस साहू, मनोज देवांगन, लोचन साहू, नोमेश साहू, हरीश देवांगन, प्रदीप सिन्हा, राजकुमार सिन्हा, सुनील सिन्हा, प्रफुल्ल योगी, नवनीत पचौरी उपस्थित थे।

## आज से पीजी कालेज में गणित ओलिम्पियाड कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में 10 से 12 जनवरी तक तीन दिवसीय गणित ओलिम्पियाड कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से कक्षा 8वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। ये सभी छात्र प्रादेशिक गणित ओलिम्पियाड 2023 की परीक्षा उत्तीर्ण कर 21 जनवरी को आयोजित राष्ट्रीय गणित ओलिम्पियाड की परीक्षा में शामिल होंगे।

गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद पाठक छग गणित ओलिम्पियाड के प्रादेशिक समन्वयक होने के कारण इस कार्यशाला के संयोजक भी हैं। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में मुम्बई विवि के गणित विभाग के प्रो.राजेन्द्र पावले, सेंट जेवियर्स कॉलेज अहमदाबाद से प्रो.उद्यन प्रजापति, बिलासा गर्ल्स महाविद्यालय बिलासपुर से डॉ. प्रेमलता वर्मा, दाउ कल्याण सिंह महाविद्यालय बलौदाबाजार से डॉ. पी.झा तथा व्हीवॉयटी महाविद्यालय दुर्ग के डॉ.राकेश तिवारी छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे। कार्यशाला का शुभारंभ 10 जनवरी को प्राचार्या डॉ.श्रीदेवी चौबे की अध्यक्षता में किया जाएगा। मुख्य अतिथि रामू रोहरा रहेंगे। इस कार्यशाला में सामाजिक कार्यकर्ता एवं इंजीनियर राजेश शर्मा का व्याख्यान होगा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### मुरा में मड़ाई 16 को

**जीजामगांव।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम मुरा में 16 जनवरी मंगलवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मयारू मोर लाटाबोड़ जिला बालोद की मनमोहक प्रस्तुति होगी। यह जानकारी तोरण साहू बाजार ठेकेदार ने दी है।

### गणेशपुर में 11 को कबीर सत्संग समारोह

**जीजामगांव।** सत्संग सेवा समिति, बोल बम सेवा समिति तथा रामायण सेवा समिति के तत्वावधान में ग्राम गणेशपुर में कबीर सत्संग समारोह का आयोजन 11 जनवरी को सुबह प्रातः 10 बजे से दोपहर 1बजे एवं 3 बजे से शाम 6 बजे तक किया गया है। आयोजक समिति ने बताया कि संत दयाल साहेब की स्मृति में सुश्री साध्वी चंद्रकला साहेब के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम रखा गया है। सत्संग में नवागांव कचना ब्रह्मचारिणी आश्रम से साहेब समता, मुरा ब्रह्मचारिणी आश्रम से सुमन साहेब, नवागांव रायपुर ब्रह्मचारिणी आश्रम से राधा साहेब अपनी साध्वी मंडली के साथ पहुंचेंगे।

### आरएसएस का पथ संचलन 12 को

**धमतरी।** युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से धमतरी जिला के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पथ संचलन एवं बौद्धिक कार्यक्रम गौशाला मैदान विंध्यवासिनी मंदिर के पास रखा गया है। 2 बजे पथ संचलन एवं 3 बजे मंचीय कार्यक्रम होगा। यह जानकारी राकेश कुमार साहू जिला महाविद्यालय छात्र प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धमतरी ने दी है।

### जीजामगांव में 16 से शिव महापुराण



**जीजामगांव।** शिव शक्ति सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम जीजामगांव में सात दिवसीय भव्य संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन 16 से 23 जनवरी तक किया गया है। शिव महापुराण के कथावाचक हलदर नाथ जोगी कोपरा राजिम वाले होंगे। प्रथम दिवस देव स्थापना, द्वितीय दिवस शिव कथा प्रारंभ, तृतीय दिवस शिव तत्व माहत्म, चतुर्थ दिवस नंदी जन्म कथा, पंचम दिवस शिव पार्वती विवाह, षष्टम दिवस कार्तिक जन्म, सप्तम दिवस गणेश जन्म, अष्टम दिवस शिव गीता हवन की कथा होगी। आयोजन की तैयारी में शिव शक्ति सेवा समिति के सदस्य एवं ग्रामीण जुटे हुए हैं।

### कानामुका में भक्त गुहा निषाद जयंती 22 को

**जीजामगांव।** सिलतरा 13 पाली एवं निषाद समाज के तत्वावधान में 22 जनवरी को कानामुका में भक्त गुहा निषाद जयंती का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। अध्यक्षता ललित निषाद अध्यक्ष 13 पाली सिलतरा करेंगे। विशिष्ट अतिथि चंदूलाल निषाद अध्यक्ष जिला निषाद समाज धमतरी, चंद्रकुमार निषाद अध्यक्ष गणेशपुर परिक्षेत्र, सुभद्रा मनोज साहू सरपंच नवागांव, रमेश निषाद उपसरपंच नवागांव होंगे। ललित निषाद अध्यक्ष 13 पाली सिलतरा ने बताया कि सुबह 8 से 10 बजे तक पूजा अर्चना एवं गली भ्रमण, 12 बजे से सत्यनारायण कथा, 2 बजे से श्री बजरंग मानस मंडली कानामुका तथा शाम 4 बजे श्री शिवशक्ति मानस मंडली की मनमोहक प्रस्तुति होगी रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोककला जय गंगा मैया नाचा पार्टी ग्राम डुण्डेरा अंबागढ़ चौकी की प्रस्तुति होगी। आयोजन की तैयारी में सिलतरा, सिलीडीह, गणेशपुर, मड़ेली, कचना, कानामुका, दरबा, सेमरा, नवागांव के समाजजन जुटे हुए हैं।

नये कानून को लेकर हड़ताल की सुगबुगाहट फिर दिखाई दे रही

# प्रशासन व चालकों की बैठक रही बेनतीजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



हिट एण्ड रन के नये बिल को लेकर प्रशासन व वाहन चालकों के बीच रखी गई बैठक बेनतीजा रही। चालक एक बार फिर हड़ताल पर जा सकते हैं।

सरकार द्वारा लाये जा रहे नये कानून हिट एण्ड रन को लेकर बस, ट्रक व टैंकर चालकों द्वारा 1 जनवरी से तीन दिवसीय स्टेयरिंग छोड़ हड़ताल कर विरोध प्रदर्शन किया गया था। इस नये कानून को लेकर वाहन चालकों द्वारा एक बार फिर हड़ताल पर जाने की सुगबुगाहट दिखाई दे रही है। इसे देखते हुए जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों द्वारा मंगलवार को जनसंवाद कक्ष में समिति के पदाधिकारियों एवं चालक- परिचालकों की बैठक लेकर चर्चा की गई।

लगभग डेढ़ घंटे तक चली बैठक बेनतीजा रही। बैठक में उन्हें समझाया गया कि स्टेयरिंग छोड़ना विकल्प नहीं है। वाहनों के कारोबार से जुड़े लोगों ने कहा कि यह उनके बड़े संगठनों के आदेश व निर्देश पर हो रहा है जो भी विरोध प्रदर्शन होगा शांतिपूर्ण रहेगा।

एसडीएम ने कहा कि यातायात व्यवस्था बंद नहीं होनी चाहिए। अगर कोई कानून प्रस्तावित है और आप को लगता है कि इस कानून से किसी प्रकार की दिक्कत है तो आप विरोध कर सकते हैं। हड़ताल को लेकर इनका कहना है कि स्टेट लेवल व संगठन से बात करेंगे, जो भी तय होगा, प्रशासन को बताएंगे। अभी तो सहमति दिखी है। वहीं संगठन के जिलाध्यक्ष ने कहा कि बैठक में उन्हें बताया गया कि नया कानून अभी लागू नहीं हुआ है, लेकिन चालक परिचालकों में भय है। आगे कहा कि नियम के विरोध में हमारा छत्तीसगढ़ ही बंद नहीं हो रहा है, बल्कि उड़ीसा, महाराष्ट्र व एमपी बंद होने वाला है।

रायपुर में बैठे पदाधिकारियों से इस बैठक के संबंध में चर्चा करेंगे। वैसे तो कल वाहनें बंद रहेंगे। अपनी स्वेच्छा से चालक स्टेयरिंग छोड़कर बैठेंगे। हम किसी पर दबाव नहीं बनाएंगे। हम कोई धरना प्रदर्शन या रैली नहीं निकालेंगे। शांतिपूर्वक बस स्टैंड में बैठे रहेंगे। बैठक में एडीएम, एएसपी, एसडीएम, डीएसपी, थाना प्रभारी सहित संगठन के पदाधिकारी व चालक परिचालक उपस्थित थे।

## जैन क्रिकेट क्लब, नगर निगम और विराट कोहली फैंस ने जीत दर्ज की



- कार्पोरेट प्रीमियर लीग रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा का रोमांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कार्पोरेट प्रीमियर लीग रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन तीन मैच खेले गए। पहला मैच डाक्टर्स इलेवन एवं जैन क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया जिसमें टास जीतकर जैन क्रिकेट ने बल्लेबाजी करते हुए 10 ओव्हर में 4 विकेट खोकर 118 रन बनाए। जवाब में डाक्टर्स इलेवन की टीम 49 रन ही बना पाई।

जैन क्रिकेट क्लब ने भारी अंतर से यह मैच जीत लिया। दूसरा मैच नगर निगम और शासकीय कर्मचारी टीम के बीच खेला गया जिसमें नगर निगम टीम ने जीत दर्ज की। अंतिम मैच मेट्रोफिट जिम एवं विराट कोहली फैंस के बीच खेला गया। मेट्रोफिट जिम ने 10 ओव्हर में 8 विकेट खोकर 95 रन बनाए। विराट कोहली फैंस टीम ने सातवें ओव्हर में जीत अपने नाम की।

## परंपरा को बचाने लोक कला महोत्सव संजीवनी का काम कर रहा : कविता



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

संघर्षवादी युवा संगठन द्वारा ग्राम ग्राम गुजरा में दो दिवसीय लोक कला महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समापन समारोह की अतिथि श्रीमती कविता योगेश बाबर वन समिति सभापति जिला पंचायत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से हमारी संस्कृति और परंपरा को एक संजीवनी प्राप्त होती है। लोगों को अपने धर्म और संस्कृति के बारे में जीवंत चित्रण देखने का अवसर प्राप्त होता है। आज के इस भौतिक युग में जहां विज्ञान एवं तकनीकी का बोलबाला है। युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति से दूर होते जा रही है। उनको अपनी संस्कृति से जोड़ने का यह एक उचित और संगठित प्रयास है। मौके पर गोविंद साहू सभापति जिला पंचायत, होरी लाल साहू सेवादल अध्यक्ष, अमरदीप साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, शांति बाई ध्रुव सरपंच, दयाराम साहू पूर्व जनपद सदस्य, उत्तम साहू पूर्व प्राधिकृत अधिकारी डोमा सोसाइटी, उमेश साहू सांसद प्रतिनिधि, राकेश साहू, आयोजन समिति से हेमंत साहू, कृष्णकांत कुंजाम, डालेश्वर साहू, कुमार साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

विद्याकुंज मेमोरियल स्कूल हटकेशर में खेल का आयोजन

## खेलेंगे, जीतेंगे, सीखेंगे के नारों के साथ खेल महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



विद्याकुंज मेमोरियल स्कूल हटकेशर धमतरी द्वारा इंडोर स्टेडियम में खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह के अतिथि विधायक ओमकार साहू, एडिशनल जज पंकज जैन, महापौर विजय देवांगन, पार्षद राजेश ठाकुर थे।

विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों में नेतृत्व क्षमता, एकता की भावना, पारस्परिक सहयोग का विकास करने के लिए खेल महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस खेल महोत्सव में विभिन्न पारंपरिक खेल जैसे खो-खो, कबड्डी के साथ-साथ क्रिकेट, फुटबाल, रिलेरेस, गोलफेक, लंबीकूद, रस्साकसी जैसे खेल का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को चार हाउसेस रमन हाउस, टैगोर हाउस, शिवाजी हाउस एवं अशोका हाउस में विभाजित किया गया था। समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण 6 जनवरी को हुआ। मुख्य अतिथि नगर निगम के पार्षद राजेन्द्र शर्मा थे। विशेष अतिथि महेंद्र पंडित, कुलेश सोनी एवं आवड़े थे। अतिथियों ने शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए ऐसे आयोजन की सार्थकता पर जोर देते हुए कहा कि विद्याकुंज मेमोरियल ऐसा स्कूल है जहां शारीरिक, मानसिक विकास के साथ संस्कार तथा नैतिक शिक्षा पर भी जोर दिया जाता है। संचालन समिति के सचिव रोहन भांडे ने कहा कि इस आयोजन से विद्यार्थियों के बीच एक स्वस्थ प्रतियोगिता का आरंभ हुआ है। वे खेल के प्रति जागरुक हुए हैं।

विद्यालय के प्राचार्य सोहन यादव ने कहा कि आज बच्चे इन सभी खेलों को मोबाइल में खेल कर निष्क्रिय हो रहे हैं । ऐसे में इस प्रकार का आयोजन छात्र- छात्राओं में खेल के प्रति रुझान बढ़ाएगाा। कार्यक्रम में विद्यालय के कॉर्डिनेटर राजेश विश्वास सहित स्कूल स्टाफ का सहयोग रहा।

## दुख के समय प्रभु ही हमारा सहारा : रंजना



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम बेलतरा में सिन्हा परिवार द्वारा एवं सदर दक्षिण वार्ड धमतरी में कौशिक परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। प्रभु की कथा का रसपान करने भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू पहुंची। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा रानी की पूजा-अर्चना करते हुए व्यासपीठ से आशीर्वाद लिया। कथा श्रवण उपरांत पूर्व विधायक श्रीमती साहू ने कहा कि इस जीवन को भवसागर से पार कराने के लिए प्रभु की भक्ति आवश्यक है। श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का रसपान मोक्ष का द्वार है। इस जीवन में सुख के सभी साथी होते हैं किंतु दुख के समय प्रभु ही हमारा सहारा होता है। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि प्रभु की भक्ति ही जीवन के उद्धार का मार्ग है। कथा का रसपान करने जनपद सदस्य जागेश्वरी साहू, महिला मोर्चा सीमा चौबे, सरोज देवांगन सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति हमारी धरोहर : ओंकार

- ग्राम गुजरा के लोककला महोत्सव में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ग्राम गुजरा में संघर्षवादी युवा संगठन द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ लोक कला महोत्सव में विधायक ओंकार साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विशेष अतिथि गोविन्द साहू सभापति जिला पंचायत धमतरी, अमरदीप साहू पूर्व जिपं सदस्य धमतरी, खेमूराम साहू व्या.प्रा.कृ. साख सह. समिति डोमा, ओंकार कश्यप व्या. प्रा. कृ. साख सह.स. कोसमर्रा, सोमप्रकाश चन्द्राकर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी, शांति बाई ध्रुव सरपंच, उमेश साहू सांसद प्रतिनिधि, जागेश्वरी राकेश साहू जपं स. धमतरी, दयाराम साहू, धरम साहू, दूजराम साहू, श्यामलाल विश्वकर्मा सचिव, मयंक नागवंशी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सौरभ साहू पटवारी थे। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति हमारी धरोहर है। छत्तीसगढ़ की पहचान न केवल भारत वर्ष में अपितु विदेशों में भी हैं। ऐसे आयोजनों से छत्तीसगढ़ के सुदूर अंचल में रहने वाले कलाकारों को मंच प्रदान होता है। छत्तीसगढ़ की समृद्ध, संस्कृति की परंपरा सदियों से चली आ रही है। जमीन से जुड़ी व मिट्टी की सुगंध और संस्कृति से सराबोर को बचाए रखना हमारी जवाबदारी है। विधायक ओंकार साहू गातापार में आयोजित लोक महोत्सव कार्यक्रम में भी शामिल हुए जहां ग्रामीणों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

### रामभक्तों की टोली नगर में रोज कर रही प्रभातफेरी

**कुरूद।** अयोध्या में श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 22 जनवरी को है। हर गांव व नगर में महोत्सव को मनाने के लिए तैयारी शुरू हो गई। अयोध्या के अक्षत व निमंत्रण पत्र लोगों को देकर आमंत्रित किया जा रहा है। कुरूद नगर में भी राम भक्तों की टोली रोजाना सुबह राम नाम जपते और भजन गाते प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने प्रेरित कर रही है। रामभक्त घर-घर जाकर अयोध्या से आए अक्षत व श्रीराम मंदिर के छायाचित्र और आमंत्रण पत्र प्रदान कर रहे हैं। रोजाना सुबह और शाम की रामधुनी से कुरूद का माहौल भक्तिमय हो गया है। इस अवसर पर मालकराम साहू, विकास चंद्राकर, जितेंद्र चंद्राकर, धनेश्वर निर्मलकर, अन्य मौजूद थे।

## स्वास्तिका ने स्वर्ण पदक पर साधा निशाना

- राइफल शूटिंग में स्वर्ण के साथ रची कामयाबी की नई मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भोपाल में आयोजित 67 वीं स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया में केंद्रीय विद्यालय धमतरी की 10. मी. ओपन साईट एयर राइफल शूटिंग की प्रतिभाशाली खिलाड़ी छात्रा स्वास्तिका सिंह ने अंडर 19 बालिका वर्ग में उच्चतम स्कोर के साथ स्वर्ण पदक पर निशाना साधकर विद्यालय सहित धमतरी नगर को नववर्ष का स्वर्णिम उपहार दिया।

पुलिस विभाग में कार्यरत सहायक उपनिरीक्षक अमित सिंह की पुत्री स्वास्तिका सिंह की



प्रतिभा को पहचानकर विद्यालय के खेल शिक्षक एसके पाण्डेय ने कक्षा 5 वीं से ही स्वास्तिका को शूटिंग का अभ्यास शुरू करा दिया था। स्वास्तिका ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए अपने पहले ही मैच में केंद्रीय विद्यालय की राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता नोएडा दल्लिी 2022 में 10. मी. ओपन साईट एयर राइफल शूटिंग अंडर 14 बालिका वर्ग में नया मीट रिकार्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीतकर शानदार आगाज किया था।

इस अवसर पर स्वास्तिका ने कहा है कि इस खेल में उतनी ही मानसिक एकाग्रता एवं समर्पण की आवश्यकता होती है जितनी हम मंदिर में ईश्वर की पूजा में लगाते हैं।

समय समय पर वरिष्ठ खिलाड़ी शिवानी बाबर, शीतल कौर से भी मार्गदर्शन लेती हैं। प्रशिक्षक एसके पाण्डेय का मानना है कि यदि इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आधुनिक खेल उपकरण उपलब्ध करा दें तो इन छात्रों का देश के लिए पदक जीतने का सपना सच किया जा सकता है। इस एतिहासिक सफलता पर प्राचार्य गिरीश बाबु कस्तवार, वरिष्ठ शिक्षक पीएल साहू, एसके गिरी, डीआर साहू ,एसके देवांगन, श्रीमती योगिता, द्रोण मरकाम तथा खेल शिक्षक एसके पाण्डेय ने हर्ष व्यक्त किया है।

## लघु वनोपज उद्योग से श्यामतराईवासियों को दिक्कतें



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत श्यामतराई में निर्माणाधीन लघु वनोपज प्रसंस्करण का विरोध ग्रामीणों ने किया है। सोमवार को जिला पंचायत सभापति कविता बाबर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

कलेक्टर तथा लघु औद्योगिक विभाग के नाम से दिए गए ज्ञापन में कहा है कि ग्राम पंचायत श्यामतराई पहन 46 खसरा क्रमांक 825/1 रकबा 8.83 हेक्टयर में से 3.618 हेक्टयर पर औद्योगिक लघु वनोपज प्रसंस्करण के लिए नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा कार्य प्रस्तावित किया गया है।

ग्रामीणों ने कहा है कि जिस जगह पर शासन ने उद्योग लगाने का काम शुरु किया है, वहां पर गौठान, चारागाह, मुक्तिधाम, मणिकंचन केंद्र स्थापित है। स्कूली बच्चे उसी रास्ते से स्कूल आना -

### गौठान, चारागाह, मणिकंचन केंद्र, स्कूल, मंडी मार्ग को यथावत रखने की मांग

जाना करते हैं। मुक्तिधाम, दीनदयाल कालोनी, कृषि कार्य के लिए ग्रामीणों का आना- जाना निर्माणाधीन स्थल से होता है। रास्ता बाधित होने से ग्रामवासियों को दिक्कतें होंगी।

सरपंच अस्तला रूपू मरकाम, उपसरपंच आत्माराम साहू ने बताया कि विगत दिनों ग्राम पंचायत में विशेष ग्रामसभा बुलाई गई थी जिसमें ग्रामवासियों ने निर्णय लिया है कि गौठान, चारागाह, मुक्तिधाम, मणिकंचन केंद्र, स्कूल, मंडी, शौचालय, हाउसिंग बोर्ड मार्ग को यथावत रखा जाए। गांव में निस्तारी के लिए अन्य जगह नहीं होने के कारण उक्त स्थल को सुरक्षित रखने की मांग की है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

ड्राइवरों ने किया बर्बाद, न्याय की लगाई गुहार

## चार गाड़ी का मालिक आया सड़क पर, आत्मदाह की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



सोमवार को संतोष कुमार पिता चुन्नीलाल तिवारी ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि वह कुरूद ब्लाक के ग्राम मौरीकला का रहने वाला है। हाल निवासी गोकुलपुर वार्ड है। उसके पास लीलेण्ड 10 चक्का सीजी 04 जेए 0689, 12 चक्का लीलेण्ड सीजी 04 एलजी 7578, सीजी 07 सीए 0342 टाटा 1109 तथा सीजी 18 एच 7162 टाटा 10 चक्का वाला भारी वाहन था।

वाहन क्र. 0689 को ब्रम्हचौक निवासी एक ड्राइवर चला रहा था। ड्राइवर को गाड़ी का पेपर सरेन्डर करने आरटीओ रायपुर भेजा था तब से गाड़ी गायब है। ड्राइवर कोई जवाब नहीं दे रहा है। इसी प्रकार वाहन क्र. 7578 कुरूद की चोलामंडलम कंपनी में फाइनेंस था। फाइनेंस की पूरी रकम जमा करने के बाद उस वाहन के चालक को कंपनी ने कागजात सौंप दिया। वह भी वाहन का कागजात दूसरे किसी को गिरवी में रख दिया और अब वह जो करना है, कर लो कहता है। इसी प्रकार वाहन क्र. 0342 को कबाड़ी में 1.75 लाख में बेचा था। उसकी सारी रकम को उस गाड़ी के ड्राइवर ने रख लिया है। उन्होंने कहा कि वाहन क्रमांक 4845 वाहन उसकी पत्नी के नाम से है जिसकी डीजल टंकी में शक्कर डालकर इंजन को सीज किया गया है।

गाड़ी की बैटरी भी चोरी कर ले गये हैं। इसके अलावा चारों ड्राइवर ने उसके साथ मारपीट कर एक लाख रूपये के एग्रीमेंट में दस्तखत कराया है। इस घटना से क्षुब्ध होकर उसने जहर सेवन कर लिया था। इन सबकी शिकायत कोतवाली थाने में की गई है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सोमवार को कलेक्टर के नाम आवेदन में संतोष ने कहा है कि अगर उसे न्याय नहीं मिला तो वह 11 जनवरी गुरूवार को कलेक्टोरेट में अपने ऊपर मिट्टी तेल डालकर आत्मदाह करेगा।

### अबकारी अमले ने अवैध खोमचों को तत्काल बंद कराया



**धमतरी।** बीते दिनों कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में जिले के दूरदराज से पहुंचे आवेदकों से कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने बारी-बारी से आवेदन लेकर संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। कलेक्टर सुश्री गांधी के निर्देशानुसार जनदर्शन में प्राप्त शिकायत के त्वरित निराकरण के लिए 8 जनवरी को आमदी में आबकारी अमला द्वारा कार्रवाई कर आबकारी अधिनियम की धारा 36(ब) के तहत 4 प्रकरण पंजीबद्ध कर अवैध खोमचों को बंद कराया गया।

निःशुल्क चिकित्सा परामर्श की सुविधा
सभी बीमारियों के शीघ्र आराम के लिए
बाबा नवजीवन चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने धमतरी
प्रमुख बीमारियों का इलाज
1. बुखार, सर्दी, खांसी, निमोनिया, श्वांस दमा, उल्टी दस्त
2. पेटरोग-कब्ज, गैस, भूख न लगना, [illegible]
3. वात रोग व लकवा रोग का लाभकारी इलाज
4. बवासीर-मस्सा होना, खून निकलना, दर्द होना
5. स्त्रीरोग-सफेदपानी आना, मासिक रूकावट, बांझपन
6. [illegible]
7. चर्मरोग-दाद, खुजली, बेमची, सुजन, सफेद दाग
8. [illegible]
9. केशरोग-बालों का झड़ना, सफेद होना का इलाज
10. पीलिया, मूत्ररोग, पथरी, सिरदर्द, हाई व लो ब्लडप्रेशर
99930 10732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी इलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 8,500/-
बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी/माउंट आबू
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411